


दैनिक

# फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल

वर्ष : ०९ | अंक:११८ | मुंबई, मंगळवार १६ सितंबर २०२५ | RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 | पृष्ठ-४ | मूल्य २/रू.




# वक्फ बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

## CJI बी.आर. गवई की अध्यक्षता में संतुलित निर्णय









## वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक, मुस्लिम समाज ने जताई संतुष्टि

सईद शेख

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए नए वक्फ कानून पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए धारा 3(आर), 2(सी), 3(सी) और 23 पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने सरकार और मुस्लिम समुदाय के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि यह रोक कानून की संवैधानिकता पर नहीं, बल्कि विवादित प्रावधानों पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पूरे वक्फ कानून पर रोक लगाने का अधिकार अदालत के पास नहीं है, लेकिन विवादित धाराओं को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई इन प्रमुख धाराओं पर:**

**धारा 3(आर) :** वक्फ बनाने के लिए कम से कम पाँच वर्षों तक इस्लाम धर्म का अनुयायी होना जरूरी करने वाली शर्त पर रोक। अदालत ने कहा कि जब तक नियम नहीं बनते, यह शर्त मनमानी हो सकती है।

**धारा 2(सी) :** नामित अधिकारी की रिपोर्ट के बिना संपत्ति को वक्फ संपत्ति मानने का प्रावधान फिलहाल लागू नहीं रहेगा।

**धारा 3(सी) :** कलेक्टर को वक्फ संपत्ति के अधिकार तय करने की शक्तियां देने वाला प्रावधान संवैधानिक शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ पाया गया।

धारा 23 : वक्फ बोर्ड के सीईओ के लिए मुस्लिम समुदाय से होना प्राथमिकता का प्रावधान रखा गया। गैर-मुस्लिम सीईओ बनने पर रोक नहीं लगाई गई। वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं रखे जा सकेंगे, कुल सदस्य संख्या चार से अधिक नहीं होगी।

**वक्फ बाय यूज़ पर राहत नहीं मिली:**

पुराने वक्फ कानून के तहत यह माना जाता था कि यदि कोई जमीन लंबे समय से वक्फ द्वारा उपयोग हो रही थी, तो वह वक्फ संपत्ति मानी जाएगी, भले ही जरूरी दस्तावेज़ उपलब्ध न हों। नए कानून में इस प्रावधान को पूरी तरह हटा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कोई राहत नहीं दी।

**मुस्लिम समाज ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जताई संतुष्टि:**

सुप्रीम कोर्ट के इस संतुलित फैसले को मुस्लिम समाज ने स्वागतयोग्य और न्यायसंगत कदम बताया है। समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला वक्फ संपत्तियों की रक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता की सुरक्षा और संविधान के अनुच्छेद 25 व 26 के तहत धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए अहम है। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता में लिए गए इस न्यायिक निर्णय से मुस्लिम समाज को यह विश्वास मिला है कि उनके धार्मिक हित सुरक्षित रहेंगे। सरकार की ओर से इस फैसले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार अब संशोधन प्रक्रिया को लेकर नए सिरे से रणनीति बनाएगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान की संतुलन की दिशा में एक अहम उदाहरण बन गया है। मुस्लिम समाज इस फैसले से समाधानी है और इसे न्यायिक समझौते की मिसाल मानता है। इससे वक्फ अधिनियम को संविधान संगत व न्यायसंगत तरीके से लागू करने की प्रक्रिया को नई गति मिलेगी।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी पंजाब की अपनी यात्रा के दौरान गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब पहुंचे. उन्होंने यहां मत्था टेककर राज्य में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की

## मुंबई ट्रेन फायरिंग केसः रोंगटे खड़े कर देगी चश्मदीद की गवाही

**मुंबईः** जुलाई 2023 में मुंबई जाने वाली ट्रेन में हुई ट्रेन फायरिंग घटना का एक नया और हैरान करने वाला पहलू सामने आया है. मामले में गवाही देने आई 38 वर्षीय महिला ने बताया कि आरोपी ॅइ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी ने उनसे बंदूक की नोक पर 'जय माता दी' बोलने को मजबूर किया था.



महिला ने यह भी कहा कि आरोपी ने बार-बार धमकी दी कि अगर उन्होंने ज़ोर से नारा नहीं लगाया तो वह उन्हें गोली मार देगा. यह घटना तब हुई जब आरोपी ने ट्रेन में फायरिंग कर अपने सीनियर एएसआई टिकटाराम मीणा और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. महिला ने अदालत में बताया कि उस दिन वह अपने दो बच्चों के साथ सफर कर रही थीं और अचानक पुलिस वर्दी में एक शख्स ने उनकी ओर राइफल तान दी. उन्होंने डरी-सहमी आवाज में जय माता दी बोला. लेकिन आरोपी ने जोर से जय कारा लगाने के लिए कहा. डर के माहौल में महिला ने बंदूक पकड़कर उसे ऊपर की ओर मोड़ा. लेकिन आरोपी ने धमकाया और आगे बढ़ गया. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वाई बी पठान की अदालत में महिला ने पूरी घटना बयान की. उन्होंने बताया कि सुबह 5:30 बजे वे बच्चों के साथ यात्रा कर रही थीं जब आरोपी उनके डिब्बे में आया. उसके हाथ में राइफल थी और उसने साफ कहा- अगर इस देश में रहना है तो 'जय माता दी' बोलो.'


## पुलिस आठ घंटे की ड्यूटी की उम्मीद कर रही है; सिपाहियों के पद रिक्त; काम का अतिरिक्त बोझ

मुंबईः कोई भी त्यौहार हो या सामाजिक तनाव, सबसे पहले पुलिस की बारी आती है! उनके पास छुट्टियाँ होती हैं, लेकिन सवाल यह है कि उन्हें कब लेनी चाहिए? नया साल आते ही ये छुट्टियाँ रद्द हो जाती हैं। गणेशोत्सव, ईद-ए-मिलाद, मुंबई में मराठा आंदोलन और अब नवरात्रि... एक के बाद एक सार्वजनिक उत्सव, कार्यक्रम और विरोध प्रदर्शन, और इन सबके आयोजन में शामिल लोग। पुलिस आठ घंटे की ड्यूटी की उम्मीद कर रही है।

मुंबई में मराठा आंदोलन के दौरान लगातार ड्यूटी पर तैनात पुलिस (त्योहारों के दौरान छुट्टी रद्द कर दी जाती है। साप्ताहिक अवकाश उपलब्ध नहीं है।) ...इसलिए गतिविधि से ब्रेक अंमलदारों को पुलिस बल की रीढ़ माना जाता है। हालाँकि, कुछ पुलिस कांस्टेबलों का मानना है कि पुलिस बल में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच भेदभाव होने के कारण, अनमालदारों को दिए जाने वाले विशेषाधिकार अधिकारियों को स्वीकार्य नहीं हैं।

## 'सभी वेबसाइट का मेन पेज मराठी में करना अनिवार्य', फडणवीस सरकार का सभी विभागों को निर्देश

: महाराष्ट्र सरकार ने सभी विभागों और मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि उनकी वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ (ओपनिंग पेज) अनिवार्य रूप से मराठी भाषा में होना चाहिए। इसके साथ ही वेबसाइट के डिजाइन और नामकरण का तरीका (नेमिंग प्रोटोकॉल) भी समान होना आवश्यक है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय सरकार के अगले डेढ़ सौ दिनों के प्रदर्शन लक्ष्यों के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज के साइबर धोखाधड़ी और भ्रामक वेबसाइटों के दौर में यह कदम आवश्यक है। सभी मंत्रालयों और विभागों को एक निर्धारित डिजाइन में वेबसाइट बनानी होगी, जिसमें उनकी वेबसाइट का नाम '.gov.in' डोमेन के साथ होना चाहिए। वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ मराठी में होना अनिवार्य रहेगा, क्योंकि मराठी राज्य की आधिकारिक भाषा है। उन्होंने आगे बताया कि वेबसाइट पर अंग्रेजी में भी जानकारी पढ़ने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यह निर्देश राज्य सरकार की एक बड़ी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सभी विभागों में एकरूपता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी सरकारी वेबसाइटों का यूजर इंटरफेस समान होगा, जिसमें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रियों और राज्यपाल के नाम के साथ-साथ नागरिक सेवाओं, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और 'आपले सरकार' जैसी विभागीय योजनाओं के प्रमुख लिंक शामिल होंगे। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सरकार के पहले सौ दिनों के प्रदर्शन अनुभव के आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले हर विभाग ने अपने-अपने लक्ष्य निर्धारित किए थे, जिससे तुलना करना मुश्किल हो गया था। उदाहरण के तौर पर, जैसे किसी विभाग ने पुराने कानूनों में सुधार को लक्ष्य बनाया, तो किसी ने केवल कामकाज को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। इससे आकलन में असंतुलन पैदा हो गया। अब मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सभी विभागों के लिए समान मानदंड तय करने पर जोर दिया है, ताकि प्रदर्शन की उचित तुलना संभव हो सके।



## अगले 24 घंटे महाराष्ट्र पर भारी! बारिश से मुंबई में हाहाकार, IMD ने इन जिलों के लिए जारी किया अलर्ट

मुंबई में सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण अफरा-तफरी मच गई क्योंकि कोस्टल रोड पर नए खुले वाहनों के लिए अंडरपास में बारिश का पानी भर गया और सुबह से ही बंद रहा, जिससे दक्षिण मुंबई में यातायात बाधित रहा। रात भर जारी रही भारी बारिश ने 15 सितंबर को सड़क, रेल और हवाई यातायात को प्रभावित किया। शहर के निचले इलाकों में बारिश का पानी भर गया है, जिसके कारण भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) को सुबह 8.30 बजे 'रेड अलर्ट' जारी करना पड़ा, जिससे शहर और महाराष्ट्र के पड़ोसी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है। लेकिन दोपहर बाद, बारिश की तीव्रता कम होने पर आईएमडी ने अपने अलर्ट को संशोधित कर 'ऑरेंज अलर्ट' कर दिया। दादर, कुर्ला और बांद्रा रेलवे स्टेशनों सहित प्रमुख जंक्शनों पर जलभराव की सूचना मिली। कम दृश्यता और एहतियाती गति के कारण पश्चिमी, मध्य और हार्बर लाइनों पर मुंबई की लोकल ट्रेनें निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट देरी से चल रही हैं। हालांकि, पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के प्रवक्ताओं ने बताया कि कल रात से लगातार हो रही बारिश के बावजूद उनकी उपनगरीय ट्रेनें सामान्य रूप से चल रही हैं। आधी रात के आसपास बिजली और गरज के साथ शुरू हुई भारी बारिश सुबह तक जारी रही, जिससे किंग्स सर्कल, लालबाग, वर्ली, दादर, परेल, कुर्ला और अन्य निचले इलाकों में पानी भर गया।



## 1.5 लाख करोड़ रुपये का जुआIND-PAK मैच से पाकिस्तान को मिला 1,000 करोड़, संजय राउत ने बोला हमला



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि एक दिन पहले खेले गए भारत-पाकिस्तान एशिया कप क्रिकेट मैच पर 1.5 लाख करोड़ रुपये का जुआ खेला गया, जिसमें से 25,000 करोड़ रुपये पाकिस्तान के पास गए। राज्यसभा सदस्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भारत-पाकिस्तान मैच से 1,000 करोड़ रुपये मिले हैं और "इस पैसे का इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया जाएगा।'

**1.5 लाख करोड़ रुपये का जुआ**

राउत ने दावा किया, "कल के मैच में 1.5 लाख करोड़ रुपये का जुआ खेला गया, जिसमें से 25,000 करोड़ रुपये पाकिस्तान के पास गए। इस पैसे का इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया जाएगा। क्या सरकार या बीसीसीआई को इसकी जानकारी नहीं है?'

गौरतलब है कि भारत ने पाकिस्तान के साथ रविवार को खेला गया मैच सात विकेट से जीत लिया। जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के अपने समकक्षों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

राउत की पार्टी इस मैच का विरोध कर रही थी। राउत ने इसे एक तमाशा बताया और दावा किया कि यह इनकार तात्कालिक निर्णय नहीं था। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले और उसके बाद सात मई को सीमा पार आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बीच बहिष्कार के आह्वान के बावजूद यह मैच खेला गया।


SHABBIR MEMON (DIRECTOR) 9892488825. TEL: 022 6780894

MEMON REALTORS

Builder & Devloper PVT. LTD.

Shop No. 1 to 5, Bldg,. No . 2 Next Ahuja Bulding R.M. Road, Oshiwara, Jogeshwari(W), Mumbai - 400 102. memonshabbir24@gmail.com

## संपादकीय



एम.एस.शेख
संपादक

### ओज़ोन परत की सुरक्षा के प्रयासों को बढ़ावा देना होगा

विश्व ओज़ोन दिवस 2025, हर साल 16 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जाता है यह दिवस पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) विकिरण से बचाने में ओज़ोन परत के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने का दिन है। विश्व ओज़ोन दिवस 2025 का विषय विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक है, जो मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की उपलब्धियों और निरंतर महत्व को उजागर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक पहल है।मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का स्मरण और ओज़ोन परत की सुरक्षा के प्रयासों को बढ़ावा देना होगा।यह दिन पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करने और मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिक तंत्र और ग्रह की सुरक्षा में ओज़ोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। ओजोन परत क्षय एक गंभीर चुनौती ओजोन परत समुद्र सतह से 60 कि.मी. की ऊंचाई तक विविध सांद्रता वाली परतों में पाई जाती है। ओजोन गैस ऊपर वायुमण्डल में अत्यंत पतली एवं पारदर्शी परत बनाते हैं !ओजोन लेयर ; ϕ्ल़्र ϖ्द्ध ऑक्सीजन गैस का ही एक रूप होता है ! जब ऑक्सीजन के तीन परमाणु एक साथ जुड़ जाते है तो वो ओजोन का निर्माण करते है !वायुमण्डल में ओजोन गैस का एक छाता सा आवरण पाया जाता है जिसे ओजोन परत या ओजोन मण्डल कह सकते हैं। वायुमण्डल की ऊंचाई 16 से 29 किलोमीटर तक मानी जाती है। तापक्रम तथा वायुमण्डल के कारण वायुमण्डल का परिवर्तन मण्डल, ओजोन मण्डल, समताप मण्डल तथा मध्य मण्डल उर्ध्वाकार विभाजन किया गया है। इसमें प्रमुख है ओजोन परत मण्डल जो ओजोन परत के नाम से जाना जाता है। यह परत पृथ्वी के धरातल से 20..30 कि.मी. की ऊंचाई पर पाई जाती है ओजोन परत ऑक्सीजन के तीन परमाणु से मिलकर बनती है। यह परत वायुमण्डल में बहतु कम है यह परत धरती के निकट होती तो इससे मानव के ष्शरीर पर हानिकारक प्रभाव पड़ता जिससे मनुष्य अनेक रोगों से पीड़ित हो जाता। जहां यह परत धरती के लिए हानिकारक है, वहीं यह परत वायुमण्डल में ऊपर होने से मनुष्यों के लिए लाभदायक है। सूरज से निकलने वाली सबसे हानिकारक गैस है पैराबैंगनी किरण! पैराबैंगनी किरणे ना ही सिर्फ मनुष्य बल्कि जीव जंतुओं और वनस्पतियों के लिए अत्यंत हानिकारक है। सूरज की नुकसानदेह किरणों से बचाने वाली हमारी जीवन रक्षक परत ओजोन बेहद पतली हो चुकी है। सूर्य की पराबैंगनी किरणों से धरती को बचाने वाली ओजोन परत में छेद हो चुका है. जब आर्कटिक के ऊपर ओजोन परत में इतना विशाल छिद्र देखा गया है. वैज्ञानिकों को कई तरह की चिंताएं सता रही हैं.ओजोन परत का अध्ययन करने वाले जेट प्रॉपल्सन लैबोरेटरी कैलीफोर्निया के वैज्ञानिकों ने ताजा रिपोर्ट तैयार की है. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के सैटेलाइट्स से मिली तस्वीरों के आधार पर रिपोर्ट कहती है कि ओजोन परत पर उत्तरी अमेरिका के आकार जितना बड़ा छेद हो चुका है. इसका आकार 2.5 वर्ग किलोमीटर आंका गया है. वैज्ञानिक 1980 से ओजोन परत में हो रहे छिद्र का अध्ययन कर रहे हैं. हर साल ग्लोब के सबसे निचले हिस्से अंटार्कटिका में जाकर ओजोन परत पर नजर रखी जा रही है.रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों को आशंका है कि ओजोन परत का छेद फैलकर दक्षिणी अमेरिका तक पहुंच सकता है. ऐसी परिस्थितियों में ब्राजील, चिली और पेरू समेत कई देशों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा.

JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Non Goverment Organization
Reg. No. F-75914



NITI AYOG 12A,80G & CSR Registered

DONATE FOR POOR AND UNDERPRIVILEGED

Contact us 9930026943

SBI BANK
JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Account No:.39171751769
IFS Code : SBIN0012959
www.jansevasocialfoundation.com

701/ C Wing crystal Plaza opposite infinity mall Andheri West

# मुख्यमंत्री के आदेश की अनदेखी कर रहे हैं मीरा भायंदर के मनपा आयुक्त राधा बिनोद शर्मा

## सड़क और मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का मुआवजा न मिलने पर नाराज़ नरेंद्र मेहता





**सय्यद एन.एच.करारवी**

मीरा-भायंदरः शहर में बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. ने आरोप लगाया है कि मीरा-भायंदर महानगरपालिका प्रशासन ने उनकी जमीन सड़क और मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए मांगी, लेकिन इसके एवज में अब तक कोई आर्थिक मुआवजा नहीं दिया गया।

कंपनी के डायरेक्टर और पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने इस मुद्दे पर नाराज़गी जताते हुए कहा, 'मौजे मीरा के सर्वे नंबर 16 और 7 की कुल 3,547 वर्गमीटर जमीन 45 मीटर चौड़े डीपी रोड और मेट्रो-9 प्रोजेक्ट से प्रभावित है। हमने साफ कहा था कि हमें TDR नहीं बल्कि सीधा आर्थिक मुआवजा चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 14 मई 2025 को मीरा रोड पर मेट्रो ट्रायल रन के दौरान मनपा आयुक्त को स्पष्ट आदेश दिए थे कि जमीन के बदले कंपनी को क्रेडिट नोट या नकद मुआवजा दिया जाए। इसके बावजूद 4 महीने बीत गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।'

मेहता ने आगे कहा, 'मनपा प्रशासन की इस लापरवाही से जनता के बीच हमारी कंपनी की गलत छवि बन रही है। अगर तुरंत समाधान नहीं निकाला गया, तो हमें अपने न्यायसंगत हक के लिए उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाना पड़ेगा।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन हमेशा शहर के विकास और जनहित के कामों में अग्रणी रहा है। 'हमने बार-बार स्पष्ट किया है कि जैसे ही हमें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा, जमीन मनपा को हस्तांतरित कर दी जाएगी। लेकिन प्रशासन का मौन यह दर्शाता है कि उन्हें इस जमीन की ज़रूरत ही नहीं है। यह रवैया बेहद निराशाजनक है।'

# मीरा-भायंदर की गड्ढायुक्त सड़कें हाईकोर्ट में, भ्रष्टाचार के आरोप





**सय्यद एन.एच.करारवी**

मीरा-भायंदरः शहर की मुख्य सड़कों पर गड्ढों का मामला अब बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच गया है। गो ग्रीन फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरभद्र कोनापुरे ने जनहित याचिका दायर की है, जिस पर 16 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई होगी।



2022 में MMRDA ने बिना निविदा जे. कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स को 22 करोड़ का ठेका देकर मास्टिक डामर से सड़कें बनाने का दावा किया था, जो 5 साल तक गड्ढामुक्त रहने का वादा था। लेकिन एक साल में ही सड़कें खस्ताहाल हो गईं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार अब तक 30-40 दोपहिया दुर्घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। एक महिला रिक्शा चालक हाल ही में गड्ढे के कारण हादसे का शिकार हुई। याचिका में आरोप है कि घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा, '22 करोड़ खर्च के बावजूद सड़कों की यह हालत शर्मनाक है। दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।'

# केंद्र सरकार के खिलाफ शिवसेना (उद्धव) का जोरदार प्रदर्शन







**सय्यद एन.एच.करारवी**

मीरा रोडः शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) गुट ने रविवार को 'माझं कुंकू, माझा देश' अभियान के तहत मीरा रोड रेलवे स्टेशन के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया।

सैकड़ों शिवसैनिकों ने शहीद मेजर कौस्तुभ राणे स्मारक पर श्रद्धांजलि दी और नारे लगाए–'जय हिंद,' 'वंदे मातरम्,' 'जय भवानी जय शिवाजी।'

आंदोलनकारियों ने कहा, 'जब आतंकवादी खुलेआम हमले कर रहे हैं, तब सरकार खुद को हिंदुत्ववादी कहती है। पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना देश का अपमान है। हम भारत-पाक मैच का बहिष्कार करेंगे।'

# मेट्रो-9 ठेकेदार जे कुमार पर 10 लाख का जुर्माना, सब कॉन्ट्रैक्टर ब्लैकलिस्ट

**सय्यद एन.एच.करारवी**

मीरा रोडः मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने मेट्रो-9 के मुख्य ठेकेदार जे कुमार पर लापरवाही के चलते 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उसके सब कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैकलिस्ट कर दिया। गोल्डन नेस्ट के पास रविवार को 30 किलो का जैक हिस्सा नीचे गिर गया था। सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ। MMRDA ने थर्ड पार्टी जांच के आदेश दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अंतिम दंड तय किया जाएगा। 13.5 किमी लंबे दहिसर-मीरा भायंदर मेट्रो-9 कॉरिडोर का निर्माण जे. कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स को सौंपा गया है, जिसने यह काम आगे सब कॉन्ट्रैक्टर को दिया था

# न्यूयॉर्क फैशन वीक में दिशा पाटनी के सिंपल लुक ने खींचा सबका ध्यान

न्यूयॉर्क फैशन वीक में स्टार्स हमेशा ही ग्लैमर का तड़का लगाते हैं, लेकिन सबकी नजरें सिर्फ और सिर्फ दिशा पाटनी पर टिक गईं। स्ट्रैपी ब्लैक ड्रेस में जैसे ही दिशा ने रेड कार्पेट पर कदम रखा वैसे ही सबकी निगाहें उनकी ओर घूम गईं। कैल्विन क्लेन के स्प्रिंग 2026 शो में बड़े-बड़े सितारे मौजूद थे इसके बाद भी, दिशा का स्टाइलिश और सिंपल लुक सबका ध्यान खींचने में कामयाब रहा। उनका लुक ग्लैमर और बोल्डनेस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन था।



इस इवेंट के लिए दिशा ने क्लासिक ब्लैक स्लिप ड्रेस पहनी। आमतौर पर स्पोर्टी या कैजुअल ड्रेस में दिखने वाली दिशा ने इस साटन फैब्रिक जैसी स्मूद ड्रेस पहनकर अपने स्टाइल को नया अंदाज दिखाया। ड्रेस में पतली-पतली स्पेगेटी स्ट्रैप्स थीं, जो उनके लुक को खास ना रहा था। ड्रेस की डीप नेकलाइन और इसका क्रॉस डिटेल लो बैक एक्ट्रेस के लुक को एलिगेंस और ग्लैमर का परफेक्ट कॉम्बिनेशन बना रहा था। फ्रंट से ये ड्रेस सिंपल और स्टाइलिश लग रही थी, लेकिन इसका बैक इसे स्टाइलिश टच दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिशा पाटनी ने अपने लुक को सिंपल और स्टाइलिश रखा, जिससे सभी की नजरें उनकी ड्रेस पर टिक गई। उन्होंने अपनी ड्रेट को स्ट्रैपी ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया। उन्होंने छोटे-छोटे स्टड इयररिंग्स पहने। अपने लुक को एलिवेट करने के लिए दिशा ने अपने बाल स्ट्रेट और स्मूद रखे। एक्ट्रेस ने सॉफ्ट ब्रॉन्ज टोन, स्मोकी आईज और ग्लॉसी न्यूड लिप्स के साथ उन्होंने अपने लुक को पार्टी और इवेंट परफेक्ट बनाया। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

# बुमराह टी20 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, भुवनेश्वर को पीछे छोड़ा



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में दो विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ ही : बुमराह ने टी20आई क्रिकेट में भुवनेश्वर कुमार का सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। बुमराह ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। इसी के साथ ही अब बुमराह के 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17.67 की औसत और 6.29 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ ही 92 विकेट हो गये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सात रन देकर तीन विकेट है। इसी के साथ ही उन्होंने भुवनेश्वर के 87 मैचों में 90 विकेट के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह के आगे अब हार्दिक पांड्या 116 मैचों में 95 विकेट, स्पिनर युजवेंद्र चहल 80 मैचों में 96 विकेट और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 63 मैचों में 99 विकेट हैं। बुमराह के अलावा कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही स्पिनर अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन को भी पीछे छोड़ दिया। इस प्रकार कुलदीप टी20आई में भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 42 मैचों में 13.10 की औसत और 6.66 की इकॉनमी रेट से 76 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/17 का सर्वश्रेष्ठ स्पेल भी शामिल है। अब पाकिस्तान के खिलाफ आठ अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 8 मैचों में 12.66 की औसत और 5/25 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 18 विकेट लिए हैं।

वहीं अक्षर ने इस मैच में दो विकेट लेकर आर अश्विन को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 73 मैचों में 21.64 की औसत और 3/9 के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 74 विकेट लिए हैं। अक्षर ने इस मैच में अपने 200 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी पूरे किए।

दैनिक
फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल
मुंबई, मंगळवार १६ सितंबर २०२५


## राजनीति और अपराध का संगम

# पूजा खेडकर प्रकरण में फर्जीवाड़े से लेकर अपहरण तक का काला सच







नई मुंबई। महाराष्ट्र की सत्ता-संपन्न राजनीति में हलचल मचा देने वाला पूजा खेडकर प्रकरण अब नए घटनाक्रम के साथ एक बार फिर सुर्खियों में है। पूजा खेडकर, जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास करके करीब 18 महीने के प्रोबेशन पर राज्य सेवा में कार्यभार संभाला था, पर भ्रष्टाचार, फर्जी दस्तावेज, अवैध संपत्ति अर्जित करने और अपहरण जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। हमारी विशेष जांच में यह बात सामने आई है कि यह प्रकरण व्यक्तिगत दोष से परे एक बड़े सिस्टमिकल घोटाले की ओर इशारा करता है। यह पूरा मामला आरक्षित वर्ग प्रमाणपत्र के फर्जी उपयोग से शुरू हुआ था। महाराष्ट्र में लाखों छात्र सरकारी नौकरी की कठिन प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते हैं। ऐसे में बनावटी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी सेवा पाने की यह कहानी सामाजिक न्याय के लिए खतरा बन गई है। जांच में यह भी उजागर हुआ कि पूजा खेडकर और उनके परिवार को ऐसा विश्वास था कि उनके पास इतना राजनीतिक और आर्थिक सामर्थ्य है कि वे किसी भी जांच प्रक्रिया को अपने पक्ष में मोड़ लेंगे। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से कई स्टे आदेश प्राप्त किए गए थे। इनके दम पर वे आरोपों की जांच को रोकने में सफल रहे। विभाग ने भी उन्हें सेवा में काम करने से रोक दिया था, लेकिन मामला लगातार नए पहलुओं से खुलता रहा। एंटी करप्शन ब्यूरो नासिक और पुणे दोनों विभागों में पूजा खेडकर और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की गहन जांच कर रहा है।

सबसे ताज़ा खुलासा तब हुआ, जब नवी मुंबई के मुलुंड-एरोली हाईवे पर एक ट्रक हेल्पर प्रल्हाद कुमार का अपहरण हुआ। जांच में यह पाया गया कि यह युवक पूजा खेडकर के घर पुणे के चतुश्रृंगी क्षेत्र में मिला। पुलिस छापेमारी के दौरान मनोरमा खेडकर समेत परिवार के अन्य सदस्य छानबीन में बाधा डालते दिखे। इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट किया कि परिवार के पास सत्ता, संपत्ति और प्रभाव का ऐसा जोर था कि वे खुद को कानून से ऊपर समझते रहे। पूजा खेडकर की गाड़ी, जिसका आरटीओ पंजीकरण 'पूजा ऑटोमोबाइल्स' के नाम पर है, ट्रक हेल्पर को अपने घर ले जाने में प्रयुक्त हुई। साथ ही यह खुलासा हुआ कि तलाक के फर्जी दस्तावेज बनाकर वे सरकारी प्रक्रिया में धोखाधड़ी कर रहे थे। तलाक दिखावे के लिए था, ताकि चुनावी रेस में अड़चनें न आएं। पूजा खेडकर के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या लगातार बढ़ रही है। फर्जीवाड़ा, अवैध संपत्ति जमा करना, सरकारी प्रक्रिया में बाधा डालना और अपहरण जैसे आरोप अब एंटी करप्शन ब्यूरो की गहन जांच में हैं। यह मामला महाराष्ट्र प्रशासन की खामियों को उजागर कर रहा है और बताता है कि सत्ता-संपन्न परिवार किस तरह से सिस्टम का दुरुपयोग करते हैं। निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई के बिना भविष्य में ऐसे अपराधों पर रोक लगाना संभव नहीं होगा। इस पूरे मामले में जनता को यह अधिकार है कि वे सत्य की जानकारी पाएँ और भ्रष्टाचार के खिलाफ सशक्त आवाज़ उठाएँ।

## सुरक्षा चूक के बाद एमएमआरडीए ने ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई; जेकेआईएल पर ₹10 लाख का जुर्माना

मुंबई : मीरा-भायंदर में गोल्डन नेस्ट पर मेट्रो लाइन 9 पर निर्माण के दौरान हुई एक सुरक्षा चूक के बाद मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।



यह घटना 13 सितंबर को यू-गर्डर को नीचे उतारते समय हुई जब सहारे के लिए इस्तेमाल किया गया 30 किलोग्राम का लोहे का जैक बैरिकेडिंग वाले कार्य क्षेत्र में गिर गया। हालाँकि किसी भी श्रमिक, नागरिक या सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुँचा, लेकिन इस चूक ने गंभीर सुरक्षा चिंताएँ पैदा कर दीं। इसके जवाब में, एमएमआरडीए ने कार्य में शामिल उपठेकेदार को काली सूची में डालने सहित कई सुधारात्मक उपायों की घोषणा की है। मुख्य ठेकेदार, जे. कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड (जेकेआईएल) पर ₹10 लाख का प्रारंभिक जुर्माना लगाया गया है। अंतिम जुर्माना विस्तृत जाँच के बाद तय किया जाएगा। परियोजना से ज़िम्मेदार जनरल कंसल्टेंट (जीसी) कर्मियों को हटाया जाएगा और साइट का सुरक्षा निरीक्षण करने के लिए एक तृतीय-पक्ष विशेषज्ञ एजेंसी की नियुक्ति की जाएगी। एमएमआरडीए के अधिकारियों ने ज़ोर देकर कहा कि जनता और श्रमिकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कदम उठाए गए हैं। इस घटना की सोशल मीडिया पर भी तीखी आलोचना हुई, कुछ उपयोगकर्ताओं ने बताया कि पहले भी ऐसी दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं और जेकेआईएल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से गुजरने वाली मेट्रो लाइन 7 का विस्तार, मेट्रो लाइन 9, दहिसर को मीरा-भयंदर से जोड़ती है और उम्मीद है कि पूरा होने के बाद यह उपनगरीय संपर्क को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## आवारा कुत्तों के हमले में एक छोटे लड़के समेत पाँच लोग घायल

**कल्याणः** कल्याण के गोविंदवाड़ी में वल्लीपीर रोड पर आवारा कुत्तों के हमले में एक छोटे लड़के समेत कम से कम पाँच लोग घायल हो गए। गोविंदवाड़ी निवासी और घायलों में से एक, सैय्यद मोहसिन ने कहाः 'मैं दोपहर के भोजन के बाद घर से निकला और अपनी मोटरसाइकिल की ओर जा रहा था, तभी एक आवारा कुत्ते ने मेरा पीछा किया और मेरे पैर में काट लिया। मैं किसी तरह बचकर भागा और इलाज के लिए अस्पताल पहुँचा। बाद में, मुझे पता चला कि मुझ समेत पाँच लोगों को कुत्ते ने काटा है। ट्यूशन क्लास जा रहे एक छोटे लड़के पर भी हमला हुआ, लेकिन एक राहगीर ने उसे बचा लिया।' स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) ने इलाके में कई स्कूल और ट्यूशन क्लास होने के बावजूद आवारा कुत्तों के खतरे को नज़रअंदाज़ किया। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से तत्काल निवारक कार्रवाई करने का आग्रह किया। केडीएमसी की स्वास्थ्य अधिकारी दीपा शुक्ला ने कहाः 'शनिवार तक, केडीएमसी क्षेत्र में कुत्तों के काटने के कुल 67 मामले सामने आए–कल्याण में 35 और डोंबिवली में 32। कल्याण में हमारा एक नसबंदी केंद्र है जहाँ हर महीने 1,000 से ज़्यादा आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाती है और उन्हें एंटी-रेबीज़ टीके लगाए जाते हैं।'



## वरूडा के श्रीनाथ रेसिडेंसी में टूटी सड़कों और अंधेरे से नाराज नागरिक, चुनाव में बहिष्कार की चेतावनी

### फिलहाल पूर्व नगरसेविका अर्चना धामने ने मुरूम और पोल कराया मुहैया, नागरिकों ने आभार जताया



अमरावती। लंबे समय से वरूडा क्षेत्र के श्रीनाथ रेसिडेंसी के नागरिक टूटी-फूटी सड़कें, गड्ढों और अंधेरे रास्तों की समस्या झेल रहे हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ गई है, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों और राहगीरों की परेशानी भी गंभीर बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों तक किसी जनप्रतिनिधि ने उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया। 'क्या हम सिर्फ वोट देने के लिए हैं? हमारी समस्याओं को कौन हल करेगा?' - यह सवाल क्षेत्र के लोगों में गहरी नाराजगी पैदा कर रहा है। नागरिकों की तकलीफ को समझते हुए पूर्व नगरसेविका अर्चना धाम ने कुछ कदम उठाए। उन्होंने गड्ढों में मुरूम भरा और कुछ इलेक्ट्रिक पोल लगवाए। स्थानीय लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना की, लेकिन समस्या पूरी तरह से दूर नहीं हुई है। नागरिक चेतावनी दे रहे हैं कि यदि उनकी समस्याओं पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी चुनावों में वे बहिष्कार की भूमिका में रहेंगे। यह जानकारी स्थानीय निवासी अशोक नंदागवली ने पत्रक के माध्यम से दी।

## पर्यावरण प्रदूषण निवारण दक्षता चेरिटेबल ट्रस्ट ने तारापुर की पेंटागोन ड्रग्स क. में किया वृक्षारोपण।

**बोईसर(संगीता शाह)ः** -पालघर जिला की सामाजिक संस्था पर्यावरण प्रदूषण निवारण दक्षता चॅरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)ने स्वच्छ पर्यावरण हेतु दि.14 -09-2025 को शुबह 11:30 बजे तारापुर उद्योग क्षेत्र के प्लॉट न. एन-224, 225 में स्थित पेंटागोन ड्रग्स प्रा.लि. व रेडियेंट इंटरमीडियेट प्रा.लि.के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



किया । इस दौरान कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर जयेश संघवी ने सभी मान्यवरों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।इस अवसर पर युवा उद्योजक वीर जयेश संघवी ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर वृक्षारोपण किया वहीं पुलिस थाना एम. आई.डी.सी. बोईसर के अंतर्गत कुम्भवली कोस्टल चैक पोस्ट के वरिष्ठ पुलिस सचिन जाधव,बोईसर - पालघर पत्रकार संघ(रजि. )के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला,पालघर जिला कांग्रेस के सचिव रामनरेश यादव, ट्रस्ट की उपाध्यक्षा नीता राऊत, समाजसेवी शमा संघवी तथा नितुजा पाटील सहित अनेक मान्यवरों एवं कामगारों ने वृक्षारोपण किया।विशेष अतिथि वीर जयेश संघवी ने स्वच्छ पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और वृक्षों का संवर्धन का सभी से आग्रह किया। अन्त में पर्यावरण प्रदूषण निवारण दक्षता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद संखे (गुरूजी) ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक पश्चिम बंगाल-सिक्किम प्रांत में संपन्न




अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की द्वितीय बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश जी जैन के कुशल नेतृत्व में कानकी धाम, पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विशेष निमंत्रित सदस्य के रूप में सहभाग लेकर विभिन्न मुद्दों पर संवाद रखने का अवसर मिला, जिसके लिए मैं राष्ट्रीय कार्यकारिणी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

बैठक का उत्कृष्ट आतिथ्य दालकोला शाखा, दाल्कोला अनंता शाखा पश्चिम बंगाल-सिक्किम प्रांत द्वारा किया गया। उत्तम आवास व्यवस्था, स्वादिष्ट भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नियोजनपूर्ण बैठक सभी व्यवस्थाएँ प्रशंसनीय रही। दालकोला शाखा के अध्यक्ष श्री रोहित जी अग्रवाल, सचिव श्री गौरव जी भुवानिया, कोषाध्यक्ष श्री सुमित जी सिंघानिया एवं उनकी संपूर्ण टीम का मनःपूर्वक आभार।

इस अवसर पर मेरे साथ महाराष्ट्र प्रांतीय अध्यक्षा श्रीमती अमृता जी भुतड़ा, निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामकिशोर जी वर्मा, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री उमेश जी पंचारिया, स्थायी निमंत्रित सदस्य श्रीमती सुप्रिया जी सुराणा, राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती पूनम जी बाल्दी सहित अनेक युवा सदस्य उपस्थित थे।

युवा साथी श्री संदीप जी मस्कारा, श्री मनोज जी अग्रवाल, श्री अनुज जी खेतान, श्री चेतन जी अग्रवाल, श्री गगन जी मोदी एवं श्री मुकेश जी लुणावत आपका विशेष आभार !

# ठाकुर समाज संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन, पत्रकार देविदास सूर्यवंशी (मामा) बने अध्यक्ष

अमरावती। ठाकुर समाज संगठन की जिला कार्यकारिणी चुनाव प्रक्रिया हाल ही में भव्य आमसभा के माध्यम से संपन्न हुई। समाज के सैकड़ों बंधुगण की उपस्थिति में आयोजित इस





महत्वपूर्ण सभा में पुराने कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। समाजहित में लंबे समय से सक्रिय रहे पत्रकार देविदास सूर्यवंशी (मामा) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। पत्रकार सूर्यवंशी मामा समाजोपयोगी कार्यों में सदैव अग्रणी रहे हैं। पिछले 40 वर्षों से पत्रकारिता के माध्यम से सामान्य जनता की आवाज़ को प्रशासन और सरकार तक पहुँचाकर न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य करते आ रहे हैं। उनके अथक प्रयासों से समाज के अनेक कठिन प्रश्नों का समाधान हुआ है। सामाजिक संगठनों से उनका गहरा नजदीकी संबंध रहा है और वे हर संभव मार्ग से समाज सेवा में निरंतर सक्रिय रहते हैं। इस सभा में पूर्व अध्यक्ष अशोक मोरे, चंद्रशेखर चव्हाण, दीपक निचडे, प्रदीप निचडे, गजानन वानखडे, राजेंद्र वारडेकर, नवीन मोरे, शैली मोरे सहित अनेक समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सर्वानुमति से अध्यक्ष पद के लिए पत्रकार सूर्यवंशी मामा को चुना गया। इसके साथ ही अन्य 11 सदस्य भी इसी सभा में चयनित किए गए।

ठाकुर समाज संगठन के माध्यम से समाज की गरिमा को ऊँचा उठाने, योग्य व्यक्तित्वों का सत्कार करने और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जाता है। दिनांक 14 को संत गाडगे बाबा समाधि मंदिर, गडगे नगर में आयोजित आमसभा में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए बंधु उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर देविदास सूर्यवंशी (मामा) को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई, जिनका सम्मान समाज के वरिष्ठों ने हृदय से किया। नई कार्यकारिणी से उम्मीद जताई गई है कि वे ठाकुर समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और न्यायिक हित में नए आयाम स्थापित करेंगे और संगठन को नयी दिशा प्रदान करेंगे।



**ठाकुर समाज संगठन के नए अध्यक्ष बनने पर महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ के विदर्भ अध्यक्ष नयन मोंढे सहित अन्य पत्रकारों ने पत्रकार देविदास सूर्यवंशी (मामा) का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। नयन मोंढे ने मामा के समाजोपयोगी कार्यों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल नेतृत्व की शुभकामनाएं दी।**

## जंगल में मिली सिर कटी लाश; मेटल क्लिप के जरिए पुलिस ने केस को सुलझाया

**छत्रपति संभाजीनगर :** छत्रपति संभाजीनगर जिले के कन्नड तहसील में एक घने जंगल में मिली सिर कटी लाश ने सबको हक्का-बक्का कर दिया। एक छोटे-से मेटल क्लिप के जरिए पुलिस ने इस केस को सुलझाया है। मृतक के जबड़े में लगी एक 'जॉ फ्रैक्चर क्लिप' ने पुलिस को हत्यारे तक पहुंचाया और सच सामने आई। 3 सितंबर को कन्नड तहसील के गौताला जंगल में पुलिस को खबर मिली कि 100 फीट गहरी खाई में एक शव पड़ा है। शव का सिर धड़ से अलग था और शरीर इतना सड़ चुका था कि पहचान करना नामुमकिन लग रहा था। पुलिस ने इलाके को घेरकर तलाशी शुरू की। थोड़ी ही दूरी पर कटा हुआ सिर मिला, लेकिन पहचान अब भी एक पहेली थी। तभी जांच के दौरान शव के जबड़े में लगी एक छोटी-सी मेटल क्लिप पुलिस की नजर में आई। पुलिस ने फौरन इस क्लिप की तहकीकात शुरू की। पता चला कि जुलाई 2023 में एक युवक का एक्सीडेंट हुआ था, जिसके इलाज के दौरान उसके जबड़े में यह मेटल क्लिप लगाई गई थी।

# सतारा में चमत्कार, माँ की गोद में 7 बच्चे

## गिनीज़ बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने की चर्चा





मुन्ना मुजावर


सतारा से एक चमत्कारी खबर सामने आई है। इस खबर ने डॉक्टरों से लेकर रिश्तेदारों तक सभी को हैरान कर दिया है। सतारा से एक चमत्कारी खबर सामने आई है। इस खबर ने डॉक्टरों से लेकर रिश्तेदारों तक, सभी को हैरान कर दिया है। एक माँ की गोद में सात फरिश्ते आए हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को टक्कर देने वाली यह घटना जिला सरकारी अस्पताल में घटी है। शुक्रवार शाम सतारा जिला अस्पताल में एक अजीबोगरीब घटना घटी। कोरेगांव तालुका की 27 वर्षीय काजल विकास खाकुरदिया ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। इनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। इससे पहले, काजल ने पाँच साल पहले तीन बच्चों को जन्म दिया था। यानी एक माँ के जीवन में कुल सात बच्चे...! गुजरात के मूल निवासी और सासवड़ में राजमिस्त्री का काम करने वाले विकास खाकुरदिया के घर अब सात फरिश्ते की किलकारियाँ गूंजने लगी हैं।यह मुश्किल प्रसव सिजेरियन सेक्शन के ज़रिए हुआ और माँ और सभी बच्चे स्वस्थ हैं। इस सफल प्रसव के लिए डॉ. देसाई, डॉ. सलमा इनामदार, डॉ. खडतारे, डॉ. झेंडे, डॉ. दीपाली राठौड़ और पूरी मेडिकल टीम ने कड़ी मेहनत की। एक ही समय में एक ही माँ से चार बच्चों के जन्म लेने पर ज़िला अस्पताल में जश्न का माहौल बन गया।

शुरुआत में थोड़ी आशंका ज़रूर हुई। लेकिन, डॉक्टरों समेत महिला के रिश्तेदारों ने राहत की साँस ली क्योंकि सिज़ेरियन ऑपरेशन आसानी से हो गया। अब सतारा में चर्चा है कि यह घटना गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को भी टक्कर देगी। एक राजमिस्त्री के घर सात फ़रिश्ते अवतरित हुए हैं, और अब इस घर में खुशियों और मधुर किलकारियों का एक नया दौर शुरू होने वाला है।

## पुणे जिले में रातभर भारी बारिश; कहां कितनी बारिश हुई?

मुन्ना मुजावर

पुणेः रविवार रात भर पुणे और उसके आसपास बारिश होती रही। रविवार रात भर बारिश होती रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, हवेली में 180 मिमी बारिश दर्ज की गई है, और पिंपरी चिंचवाड़, ग्रामीण इलाकों और घाटों में भी भारी बारिश हो रही है।



उत्तरी आंध्र प्रदेश, दक्षिण ओडिशा से आ रहा निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। इस निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण बारिश फिर से बढ़ गई है। मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को पुणे के लिए येलो अलर्ट जारी किया था। इसके अनुसार, रविवार सुबह से शुरू हुई बारिश दिन भर जारी रही। रात में भी बारिश जारी रही। आज यानी सोमवार सुबह भी बारिश जारी रहने के कारण छात्र और कर्मचारी फंस गए। बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव हो गया और कुछ जगहों पर यातायात भी बाधित रहा।

पुणे शहर, पिंपरी चिंचवाड़, ग्रामीण इलाकों समेत सभी जगहों पर भारी बारिश हो रही है। घाटों में भी बारिश ज़्यादा है। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे तक शिवाजीनगर में 60 मिलीमीटर, लोहेगांव में 109 मिलीमीटर, चिंचवड़ में 82.5 मिलीमीटर और पाषाण में 61.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसी तरह, दौंड में 82.5 मिलीमीटर, हडपसर में 56 मिलीमीटर, बारामती में 52 मिलीमीटर, लावले में 45 मिलीमीटर, तलेगांव में 28 मिलीमीटर, घाट पर ताम्हिनी में 56 मिलीमीटर और मुलशी में 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## कास में लगातार दूसरे दिन भी ट्रैफिक जाम, पर्यटकों की भारी भीड़

मुन्ना मुजावर

साताराः कास पठार पर पुष्प उत्सव देखने के लिए राज्य भर से पर्यटक उमड़ पड़े हैं। इससे सतारा-कास मार्ग पर भीषण जाम लग गया है। पर्यटकों की भीड़ के कारण कास पठार पर मेले का सा माहौल हो गया है। पर्यटकों ने केवल ऑ



नलाइन बुकिंग कराकर पठार पर आने की अपील को ठुकरा दिया है और बड़ी संख्या में कास पठार में प्रवेश कर गए हैं। इसके कारण सतारा-कास मार्ग पर भीषण जाम लग गया है।

कास पठार पर बड़े पैमाने पर पुष्प कालीन खिले हैं। इस प्राकृतिक उत्सव का आनंद लेने के लिए हजारों पर्यटकों के कास पहुंचने से कास पठार पर पर्यटकों का मेला सा लग गया है। इसके अलावा, आज, रविवार को सतारा हाफ हिल मैराथन भी थी। इसके कारण सतारा-कास मार्ग पर मैराथन और कास पर्यटकों की दोगुनी भीड़ देखी गई। सतारा शहर से आने वाले वाहन घाटई फाटा वाहन टर्मिनल पर पूरी सड़क पर फंस गए। इसके अलावा, कास पठार से सतारा शहर आने वाले वाहनों के लिए सड़क खुली नहीं छोड़ी जा रही थी।

इस वजह से सुबह 10 बजे के बाद इस सड़क पर भीषण जाम लग गया। पुलिस प्रशासन ने एकतरफ़ा यातायात की व्यवस्था करने की कोशिश की, लेकिन यह विकल्प नाकाम रहा। पठार पर इतनी भारी भीड़ जमा हो गई है। चूँकि कास पठार, कास झील से घाटई और वापस सतारा रोड पर ही एकतरफ़ा यातायात आ रहा है, इसलिए वाहन वहीं फँसे हुए हैं। इसके अलावा, घाटई होते हुए सतारा जाते समय घाटई दोराहे पर पार्किंग स्थल है, इसलिए ट्रैफ़िक जाम की समस्या गंभीर हो गई थी क्योंकि सभी वाहन घूमकर एक ही जगह पर आ रहे थे। इस भीड़ के कारण कास पठार की सारी व्यवस्थाएँ चरमरा गईं।

**पंजीकरण आवश्यक**

विश्व धरोहर स्थल कास पठार पर फूलों की 850 से ज़्यादा प्रजातियाँ पाई जाती हैं। जिनमें कई दुर्लभ फूल भी शामिल हैं। 132 विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं। वर्तमान में टूथब्रश, दीपकांडी, चवर, पांड, अभाली, भुईकरवी, सोनकी, टेर्डगेंड, कर्वी, चवर, वायुतुरा, सीतेची आसवे, धांगरी फेटा, सोनकी, टोपली करवी और सफेद बकुली, विंचवी, दुधली, रण भिंडी, सुबह की महिमा, अतिबला, रणकपास, गोदखी, खुलखुला, लाल-सफेद गुंज जैसे रंग-बिरंगे फूल उपलब्ध हैं। कास पठार पर बावची, सतारा टेरा, रण जसवंद, नील, चांच, एकदानी, गुलाब अबेकस खिल रहे हैं। कास पठार की यात्रा का सबसे अच्छा समय मध्य सितंबर से मध्य अक्टूबर तक है। वन विभाग और कास पठार कार्यकारी समिति ने लोगों से कास पठार का दौरा करते समय

**वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता...**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ¬ से आने वाले यातायात को कास पठार पर स्थित घाटई फाटा और मेधा सतारा में कास झील पार्किंग स्थल की ओर मोड़ दिया जाए, तो यातायात जाम की समस्या कम हो सकती है।

## तलेगांव दाभाड़े में यातायात पुलिस से बहस, दो गिरफ्तार

दो लोगों ने यातायात पुलिस के सरकारी काम में बाधा डालकर उन्हें रोका। यह घटना रविवार को तलेगांव दाभाड़े पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सोमाटाने फाटा शिरगांव रोड पर हुई।

इस मामले में, पुलिस अधिकारी प्रशांत खेड़कर (42, तलेगांव दाभाड़े) ने तलेगांव दाभाड़े पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अनुसार, ओमकार अविनाश क्षीरसागर (29, तलेगांव दाभाड़े) और शुभम सावलेराम गावड़े (29, वराले) को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जब शिकायतकर्ता और अन्य यातायात पुलिसकर्मी यातायात नियंत्रित कर रहे थे, तभी आरोपी ओमकार ने अपनी बाइक सड़क पर खड़ी कर दी और बहस करते हुए कहा, 'क्या तुम यातायात नहीं चला सकते?' उसने धमकी दी, 'तुम्हें क्या आदेश हैं? मैं तुम्हारा वीडियो बनाकर सीपी साहब को भेज दूँगा और वायरल कर दूँगा।' उसने पुलिस कांस्टेबल बलिराम चव्हाण को धक्का दिया और मारपीट भी की। आरोपी शुभम ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। तलेगांव दाभाड़े पुलिस आगे की जाँच कर रही है।

## युवक को इंद्रायणी नदी में फेंका

**मुन्ना मुजावर**

**पिंपरीः** शराब पीने के बाद हुए विवाद के बाद एक युवक को पुल से इंद्रायणी नदी में फेंक दिया गया। यह घटना कुरुली गाँव की सीमा में स्थित पुराने इंद्रायणी नदी के पुल पर हुई। सिद्धार्थ भानुदास बोडके (37, मोशी) ने इस संबंध में म्हालुंगे एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अनुसार, मोहन तुकाराम जाधव (34, मोशी) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता को शराब पीने के लिए बुलाया। उसने उसे एक रिक्शा में बिठाया और मोशी ले जाकर उसे शराब पिलाई। इसके बाद, उसने शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज की और बहस की। जब बहस मारपीट में बदल गई, तो आरोपी ने उसे एक रिक्शा में बिठाया और पुराने इंद्रायणी नदी के पुल पर ले आया। वहाँ, उन्होंने फिर से बहस की और उसे रिक्शा से बाहर खींच लिया। उसने उसे हाथों से पीटा और कार से लोहे की रॉड से मारना शुरू कर दिया। रॉड शिकायतकर्ता की बाईं कलाई के पास लगी। इसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को उठाकर जान से मारने की नीयत से पुल से इंद्रायणी नदी में फेंक दिया। म्हालुन्गे एमआईडीसी पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## थेउर नदी में बाढ़, 150 नागरिक फंसे, पीएमआरडीए ने नागरिकों को सुरक्षित बचाया

मुन्ना मुजावर

पुणेः शहर और जिले में रात भर हुई लगातार बारिश के कारण हवेली



तालुका के थेउर गाँव की रूपे बस्ती में नाले में बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी लगभग 150 लोगों की बस्ती में घुस गया। यह घटना सोमवार तड़के 3 बजे हुई। इस घटना के बाद, पीएमआरडीए के वाघोली अग्निशमन केंद्र के कर्मचारी और पीडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुँची। बचाव दल ने समन्वित कार्रवाई करते हुए घरों में फंसे सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

बाढ़ में भैंस, बकरी और मुर्गी जैसे पालतू जानवरों को कुछ हद तक बचा लिया गया। कुछ जानवर बह गए और कुछ की मौत हो गई। हालाँकि, किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ, ऐसी जानकारी पीएमआरडीए ने दी।

इस बीच, सोलापुर रोड, लोनी, कदमवाक बस्ती में भारी बारिश के कारण घर और वाहन पानी में डूब गए हैं। प्रारंभिक जानकारी है कि इंदापुर और बारामती तालुका में भारी बारिश के कारण गाँव भी पानी में डूब गए हैं। इससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हडपसर, लोनी कालभोर और कदमवाक वस्ती क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

## बारामती, इंदापुर इलाकों में भारी बारिश; कजाड़ में संपर्क नहर टूटी...

मुन्ना मुजावर

बारामतीः बारामती और इंदापुर तालुका में लगातार दो दिनों से भारी



बारिश हो रही है, जिससे नदियाँ और नहरें उफान पर हैं और खेती-बाड़ी जलमग्न हो गई है। रविवार शाम लगभग 7:30 बजे बारिश शुरू हुई। दोनों तालुकाओं में रात भर कभी बूंदाबांदी तो कभी भारी बारिश होती रही। इसके परिणामस्वरूप, इंदापुर तालुका के संसार में पुल डूब गया है और बारिश के पानी के कारण कझड़ में एक संपर्क नहर के फटने से लोगों के घरों में पानी घुस गया है। मौसम विभाग ने भी आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है और प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पुणे जिले के ग्रामीण इलाकों में कई नदियाँ उफान पर हैं। बारामती और इंदापुर तालुका में वर्तमान में जारी भारी बारिश के कारण, बारामती-इंदापुर मार्ग पर संसार में नदी उफान पर है। इसके कारण संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। नदी का पानी लोगों के घरों में घुस गया है, जिससे आवश्यक वस्तुओं को नुकसान पहुंचा है।

## अस्पताल के पास से मोबाइल छीना

मुन्ना मुजावर

वाईसीएमएच अस्पताल के प्रवेश द्वार के




सामने एक युवक के हाथ से मोबाइल छीनने की घटना हुई। विशाल सुनील गायकवाड़ (27, चिखली) ने इस संबंध में संत तुकाराम नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। तुषार सुभाष कांबले (24, निगड़ी) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता विशाल अपनी बहन और उसके बेटे के लिए खाना लाने अस्पताल से बाहर गया था। खाना लेकर लौटते समय वह मोबाइल पर बात कर रहा था। उसी समय आरोपी उसके पास आया, उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। संत तुकाराम नगर पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## पुणे में पाकिस्तानी सिंगर के परफॉर्म करने पर बवाल! 14 लोग हिरासत में लिए गए, जानें पूरा मामला

पुणे के कल्याणी नगर में उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब सकल हिंदू समाज के सदस्यों ने बॉलर क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि वहां एक पाकिस्तानी सिंगर को परफॉर्म करने के लिए बुलाया गया था। साथ ही उन्होंने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच की लाइव स्क्रीनिंग का भी विरोध किया।



पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकार इमरान नासिर खान हैं, जो नीदरलैंड्स के नागरिक हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर उन्हें पाकिस्तानी नागरिक बताकर अफवाहें फैलाई गईं। इसी कारण कई संगठनों के कार्यकर्ता क्लब के बाहर जमा हो गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

होटल के बाउंसरों ने की मारपीट

हालांकि सच्चाई बताए जाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने होटल में प्रवेश कर रहे लोगों को रोकने की कोशिश की। जब पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए हस्तक्षेप किया, तो होटल के बाउंसरों ने कथित तौर पर कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट की, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

बाद में पुलिस अधिकारियों ने 14 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया ताकि कानून-व्यवस्था पर असर न पड़े। यरवदा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र शेल्के ने बताया कि मौके पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है और स्थिति नियंत्रण में है।

रसोई पुनर्निर्माण । प्रायोजित विज्ञापन

बता दें कि बॉलर क्लब इससे पहले पुणे में हुए पोर्श दुर्घटना मामले के चलते चर्चा में आया था, जब पुलिस जांच के दौरान सामने आए सीसीटीवी फुटेज से यह पता चला था कि दुर्घटना का नाबालिग आरोपी अपने दोस्तों के साथ उसी क्लब में शराब पी रहा था।

## पुणे जिले से दो साल के लिए निर्वासित एक गैंगस्टर से गांजा जब्त

**मुन्ना मुजावर**

पुणे जिले से दो साल के लिए निर्वासित एक व्यक्ति को तीन किलो से ज़्यादा गांजा अवैध रूप से रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सोमाटाने फाटा से परंदावडी रोड पर की गई। पुलिस कांस्टेबल प्रशांत पवार ने इस संबंध में तलेगांव दाभाड़े पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अनुसार, अक्षय घनश्याम भालेराव (31, रावेत) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस ने आरोपी अक्षय भालेराव को हिरासत में लिया। उसके पास से अवैध बिक्री के लिए 1,56,150 रुपये मूल्य का 3123 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को पहले ही पुणे जिले से दो साल के लिए निर्वासित किया जा चुका था। हालाँकि, वह निर्वासन आदेश रद्द किए बिना या अनुमति लिए बिना शहर में घुस आया। आरोपी ने बताया है कि वह खुद धुले से गांजा लाया था। तलेगांव दाभाड़े पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

यह दैनिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4- ग्राऊंड फ्लोर, एन के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, नीयर प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गेट नं. 2, गोरेगांव पूर्व, मुंबई 400 063 से छपवाकर, रूम नं. ३६१, जाकिर अली चॉल, स्कॉटर कॉलोनी, जोगेश्वरी (पूर्व),मुंबई ४०० ०६० से प्रकाशित. संपादक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख मो.: ९९३००२६९४२ / ९९३००२६९४३
कार्यकारी संपादक - विक्रम सेन email -fightagainstcriminal2016@gmail.com RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 सभी पद अवैतनिक है, (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा)